दैनिक
न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, मंगलवार 02 अप्रैल 2019
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

पुलिस लाईन में लगा स्वास्थ्य शिविर

शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि जांच का पुलिस परिवार के सदस्यों ने लिया लाभ

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला पुलिस रायगढ़ व मधुर महिला संस्कृति की पहल पर पुलिस लाईन में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में मेट्रो हॉस्पीटल रायगढ़ से डॉ0 पटेल व महिला चिकित्सक डॉ0 गेना अपनी टीम के साथ आये थे। शिविर के ओ.पी.डी. में डॉ0 पटेल , डॉ0 गेना व डॉ0 शशि साव ने करीब 80 लोगों की जांच कर उन्हें परामर्श दिये तथा चिकित्सा टीम द्वारा पुलिसकर्मियों तथा पुलिस परिवार के सदस्यों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, श्वष्टत्न व अन्य जांच किया गया। पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचरियों ने शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराये। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नरेश शर्मा तथा मधुर महिला संस्कृति की अध्यक्ष मंजु अग्रवाल, सचिव मीना अग्रवाल व समूह के सम्मानीय सदस्य उपस्थित थे।

प्राथमिक पाठशाला (जुरडा) में पांचवी के छात्र-छात्राओं को फेयरवेल दिया गया

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम जुरड़ा शासकीय पूर्व माद्यमिक शाला के प्राथमिक शाला के कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं की विदाई समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला में कक्षा पांचवी में अध्ययन के बाद बच्चों को विदाई देकर मिडिल स्कूल की प्रारम्भिक कक्षा छह में प्रवेश के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। शाला प्रांगण में आयोजित इस विदाई सम्मान समारोह में पाठशाला के सम्मानीय शिक्षको के सांथ ग्राम जुरडा के गणमान्य नागरिक डा.सुरेश शर्मा, एसएमसी के अध्यक्ष चेतन प्रधान, सरपंच ग्राम पंचायत जयंत किशोर प्रधान,प्रधान पाठक विजय कुमार कामड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में शाला में अध्ययनरत कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं ने कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को उपहार प्रदान किया। जबकि विदाई ले रहे कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं ने अपनी तरफ से शाला के शिक्षकों और प्रधान पाठक को भी उपहार भेंट किया। गौरतलब हो कि ग्राम जुरडा के इस शासकीय प्राथमिक शाला को बेस्ट चाइल्ड फ्रेंडली अवार्ड का सम्मान भी प्राप्त हुआ है।

कोरबा से बरगढ़ इएमयू ट्रेन चलाने की मांग -राजेंद्र

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ के जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य एवं चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को पत्र लिखकर मांग की है की छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सीमा से लगे शहरों के औद्योगिक सामाजिक एवं व्यवसायिक संबंधों के मद्देनजर कोरबा से बरगढ़ तक के लिए एक ईएमयू ट्रेन चलाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 1947 तक छत्तीसगढ़ के कोरबा एवं अविभाजित रायगढ़ जिला उड़ीसा के संबलपुर स्टेट में शामिल थे तब से आज तक आपसी संबंधों की कड़ी मजबूत बनी हुई है।

नाबालिग बालिका के अपहरण की सूचना पर हरकत में आयी पुलिस

» बालिका की पतासाजी में एस.पी., ए.एस.पी. पहुंचे झाराडीह » बालिका सकुशल बरामद

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू को एक 11 वर्ष की बालिका निवासी जर्वे थाना नागदरहा जिला जांजगीर चाम्पा को झाराडीह स्टेशन के पास से 03 अज्ञात लोगों द्वारा मोटर सायकल में बिठाकर कहीं ले जाने की सूचना मिली । सूचना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए निरीक्षक साहू ने एस.पी. राजेश कुमार अग्रवाल व ए.एस.पी अभिषेक वर्मा को अवगत कराया गया । एस.पी. सर ने तत्काल प्रभारी एस.डी.ओ.पी. खरसिया गरिमा द्ववेदी, थाना प्रभारी छाल अमित सिंह, थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक चमन सिन्हा तथा चौकी प्रभारी खरसिया एस.बी.सिंह परिहार को अपने स्टाफ लेकर बालिका की पतासाजी करने का निर्देश दिये और स्वयं ए.एस.पी. वर्मा के साथ ग्राम झाराडीह पहुंचे । पुलिस की सक्रियता से बालिका को ग्राम बकदेवा में सुशील चौहान के घर के पास से करीब 13:40 बजे सकुशल बरामद किया गया है।

बालिका के परिजनों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि आज सुबह बालिका मनीषा साहू उम्र 11 वर्ष अपने चाचा ज्ञान रतन साहू व चाची के साथ झाराडीह में रहने वाले धनिया साहू के यहां छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने बाराद्वार स्टेशन से ट्रेन में बैठकर झाराडीह स्टेशन सुबह करीब 09:00 बजे आयी थी । वहीं ग्राम बकदेवा के सुनील चौहान के घर दशकर्म के कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा से परदेशी चौहान झाराडीह रेल्वे स्टेशन आया था , जिसे सुनील चौहान लेने अपने बाईक में सोमानंद सिदार के साथ लेने झाराडीह रेल्वे स्टेशन गया और परदेशी चौहान को बिठाकर कर घर जा रहा था कि रास्ते में ज्ञान रतन साहू व उसके परिवारवालों को अपने यहां दशकर्म में शामिल होने वाले मेहमान समझ कर पूछा कि मैं छोड देता हूं तब ज्ञान रतन साहू की पत्नी , मनीषा को बिठाकर ले जाओ बोले । कुछ देर बाद ज्ञान रतन साहू, झाराडीह के धनिया साहू के घर पहुंचे तो मनीषा के नहीं पहुंचने की जानकारी मिलने पर घबराकर उन्होने खरसिया पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी और किसी अनहोनी की आशंका को देते हुए चारो तरफ नाकाबंदी कर बालिका को पता तलाश किया जा रहा था कि बालिका सकुशल सुशील चौहान के घर के पास मिली। ग्राम झाराडीह पहुंचे पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने मनीषा के परिजनों को हिदायत दिया कि वे किसी भी अपरिचित के साथ बच्चों को न छोडें । साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आम लोगों को भी प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से अपील किये है कि किसी भी अनजान व्यक्तियों पर विश्वास कर अपने बच्चों को कहीं न भेंजे।

सिंधी समाज द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव का आयोजन 6 अप्रैल तक

न्याय साक्षी/रायगढ़। शहर के सिंधी समाज द्वारा हर वर्ष बड़ी भव्यता के साथ चेट्रीचंड्र महोउत्सव का आयोजन किया जाता है। जिस पर समाज के सभी लोग मिल कर भव्यता देते है। इस धार्मिक परंपरा के अंतर्गत इस वर्ष भी 31 मार्च से 6 अप्रैल तक ऐतिहासिक रंगारंग सांस्कृतिक महोउत्सव का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी में सभी सदस्य गण जुटे हुए है।

वही इस महाउत्सव के अंतर्गत सिंधी समाज के बच्चो, युवतियों, महिलाओ के लिए सांस्कृतिक क्रियाक्रम रंगोली सजाओ, मेहंदी लगाओ, पाक कला (सिंधी मिठाई), डांस (एकल-युगल) 15 वर्ष तक, फैंसी ड्रेस, सामान्य दौड़, कुर्सी दौड़ , म्यूजिकल पास, टिक टॉक एवम रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता शामिल है जिसे लेकर सभी मे उत्साह है। यह सारे कार्यक्रम श्याम 6 बजे से लेकर 10 बजे तक ही होंगे चुनाव आचार संहिता से वजह से 10 बजे के पश्चात कोई भी कार्यक्रम नही होगा।

इसके अलावा 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक कार्यक्रम के बाद रात्रि भंडारे की व्यस्था रहेगी। कुछ कार्यक्रम इस प्रकार है दिनांक 4 अप्रैल को संत साई लाल दास का आगमन एवं शाम 7 बजे से अमृतवर्षा। 5 अप्रैल रात्रि 12 बजे झूलेलाल की माह आरती की जावेगी। 6 अप्रैल दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आम भंडार तथ पश्चात 3 बजे सोभा यात्रा झूलेलाल मंदिर से निकली जाएगी एवं समाज की महिलाओं एवं युवतियों के लिए विशेष तौर पर डंडिया का आयोजन किया गया है जो कि संध्या 7 से 9 बजे तक है। इन सारे कार्यकर्मो में समाज अवाम झूलेलाल महाउत्सव समिति के सदस्यों द्वारा भव्यता देने में जुटे है।

एस.डी.ओ.पी सारंगढ़ अनिल तिवारी समेत 07 कर्मचारी हुये सेवानिवृत्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला पुलिस रायगढ़ में कार्यरत रहे 07 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने सेवा दौरान 62 वर्ष की अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण किये जाने उपरांत विभाग से सम्मान विदाई दिये जाने हेतु कार्यक्रम पुलिस कन्ट्रोल रूम रायगढ़ में आयोजित किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल की उपस्थित में कार्यक्रम दोपहर करीब 12:00 बजे प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम के प्रारंभ में रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे द्वारा सेवा निवृत्त हो रहे एसडीओ(पी) सारंगढ़ अनिल तिवारी, थाना प्रभारी कोसीर उप निरीक्षक कर्नल सिंह बल, सउनि हीरालाल तिवारी, सउनि फकीरचंद सिदार, प्र.आर. शोभाराम राठिया, प्र.आर. देवरतन राठिया, आरक्षक सेवकराम निषाद के संक्षिप्त जीवन परिचय से सभी को अवगत कराया गया । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अग्रवाल द्वारा सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिहिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया । उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने एक-एक कर सभी सेवानिवृत्त को पुष्पगुच्छ/पुष्पहार भेंट कर उनको शुभकामाएं दिये।

सम्मान कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि विभाग में विभागीय प्रक्रिया के तहत सजा, ईनाम, प्रमोशन/डिमोशन के बाद अंत में यह क्षण भी आता है जब विभाग से विदाई दी जाती है । एसपी सर ने हर्ष व्यक्त किया कि सभी सेवानिवृत्त स्वस्थ्य होकर विभाग से विदा ले रहे हैं । कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजनों का भी सम्मान कर पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि पुलिस के सभी अधिकारी/कर्मचारी को यहां तक पहुंचाने में उनके परिजनों का बहुत बड़ा योगदान होता है । एसपी सर ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर और कहा कि आप आगे भी समाज में हमारा प्रतिनिधित्तव करेंगे, पुलिस की अच्छी छवि को प्रदर्शित करेंगे, एसपी सर द्वारा सभी को स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं दिया गया।

ए.एस.पी. अभिषेक वर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी के साथ उसका परिवार भी उसके साथ काम करता है, जिस तरह पुलिस समाज सेवा में रहता है, उसका परिवार भी समाज कल्याण के कार्य में संलग्न रहता है।

ट्रक से गिरने पर खलासी की मौत

रायगढ़। ट्रक में लगे तिरपाल को हटाने के दौरान खलासी का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह नीचे गिर गया. इस घटना में उसकी मौत हो गई. घटना रायगढ़ इस्पताल फैक्ट्री परिसर के अंदर घटित हुई. घटना रविवार सुबह की है, जब रायगढ़ इस्पात फैक्ट्री पहुंची ट्रक से कोयला उतारने के लिए गाड़ी में लगे तिरपाल को हटाने के लिए खलासी शिव खड़िया पिता बिहारी खड़िया 42 साल खड़ियापारा अंबाभौना, बरगढ़ गाड़ी के ऊपर चढ़ा हुआ था.

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सांस्कृतिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480